# केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंग नाथ मार्ग,
मुनिरका, नई दिल्ली – 110 067

CIC/AA/A/2020/42
CICOM/A/P/20/00019
CICOM/R/2019/00872

अपीलकर्ता का नाम: श्री रघुवीर सिंह
प्राचीन शिव मंदिर, टैगोर रोड़,
डी.एम.आर.सी. पार्किंग के नजदीक, नई दिल्ली।
पिन–110 002

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 06.12.2019 |
| 2. | आर.टी.आई. आवेदन के जवाब की तिथि | 08.01.2020 |
| 4. | केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, जिन्होंने जवाब दिया | श्री आर० पी० ग्रोवर, डी०ओ०, आई.सी.–वाई.एस. |
| 3. | प्रथम अपील की तिथि | 24.01.2020 |
| 5. | निर्णय की तिथि | 05.02.2020 |

**प्रथम अपील से संबंधित संक्षिप्त तथ्य:-**

1. अपीलकर्ता ने अपने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से दिनांक 24.09.2019 को प्रेषित आवेदन, जिसका डायरी क्रमांक 146812 दिनांक 25.09.2019 है, पर आयोग द्वारा की गयी कार्रवाई की सूचना तथा इससे संबंधित दस्तावेज की सत्यापित प्रति की मांग की है।

**सीपीआईओ का जवाब :-**

2. उपरोक्त आर.टी.आई. आवेदन के जवाब में सीपीआईओ श्री आर० पी० ग्रोवर, डी०ओ०, आई. सी.–वाई.एस. ने प्रार्थी को निम्नलिखित सूचना प्रेषित की:

"Action on your letter dated 24-09-2019, received vide diary No. 146812, is pending."

**प्रथम अपील का आधार :-**

3. केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, श्री आर० पी० ग्रोवर, डी०ओ०, आई.सी.–वाई.एस. के जवाब से असंतुष्ट होते हुए प्रार्थी ने प्रथम अपील दाखिल किया है, जिसमें प्रार्थी ने यह दलील प्रस्तुत की है कि वे "सीपीआईओ के द्वारा भेजे गए जवाब, जो अपूर्ण है, उससे मैं संतुष्ट नहीं हूँ।"

RECEIVED
07 FEB 2020
D. No.
Initials.

**निर्णय :-**

4. प्रथम अपील प्रपत्र, आरटीआई आवेदन और सीपीआईओ के जवाब का अवलोकन करने से यह स्पष्ट है कि सीपीआईओ के द्वारा दिया गया जवाब तथ्यात्मक है और आरटीआई अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप है। यहां यह उल्लेख प्रासंगिक होगा कि एक जन सूचना अधिकारी, रिकार्ड में सामग्री के रूप में उपलब्ध सूचना ही प्रदान कर सकता है। तदनुसार प्रार्थी को यह सूचित कर दिया गया है कि उनके दिनांक 24.09.2019 के आवेदन पर कार्रवाई अभी लंबित है। अतः प्रथम अपीलीय अधिकारी की तरफ से प्रस्तुत मामले में हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

5. उपरोक्तानुसार प्रस्तुत अपील निस्तारित की जाती है।

6. यदि अपीलकर्ता प्रस्तुत निर्णय से असंतुष्ट हैं और चाहते हैं, वो केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली–110 067 के समक्ष इस निर्णय के विरूद्ध 90 दिनों के अंदर द्वितीय अपील दाखिल करने के लिए स्वतंत्र हैं।

**दिनांक : फरवरी 07, 2020**

मीनाशर्मा 07/02/2020

**(श्रीमती मीना बी० शर्मा)**
**प्रथम अपीलीय अधिकारी**
**दूरभाष : 26162290**

**प्रतिलिपि :-**

1. **सी.पी.आई.ओ., आर.टी.आई. सेल, सीआईसी, नई दिल्ली।**
2. **श्री आर० पी० ग्रोवर, डी०ओ०, आई०सी०–वाई०एस०, सीआईसी, नई दिल्ली।**

07/02/20

7/2/2020